वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 9 सोमवार 8 मई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# गहलोत बोले-अमित शाह से लिए 10-15 करोड़ लौटाएं विधायक

## खर्च कर दिए तो वो हिस्सा मैं दे दूंगा; पैसा मत रखो

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट कैंप पर बगावत के वक्त बीजेपी से करोड़ों रुपए लेने का आरोप दोहराया है। साथ ही, अमित शाह को पैसा वापस लौटाने की सलाह दी है। रविवार को धौलपुर के राजाखेड़ा के पास महंगाई राहत कैंप की सभा में गहलोत ने कहा- उस वक्त हमारे विधायकों को 10 से 20 करोड़ बांटा गया। वह पैसा अमित शाह को वापस लौटा देना चाहिए। अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह शेखावत इन सबने मिलकर हमारी सरकार को गिराने का षड्यंत्र किया। राजस्थान में विधायकों को पैसे बांट दिए। यह लोग पैसा वापस नहीं ले रहे हैं। मुझे चिंता लगी हुई है, ये वापस पैसा क्यों नहीं ले रहे हैं? यह पैसा वापस क्यों नहीं मांग रहे हैं? गहलोत ने कहा- हमारे विधायकों से मैंने यहां तक कह दिया कि जिसने 10-20 करोड़ लिया है। उसमें से कुछ खर्च कर दिया हो तो वह हिस्सा मैं दे दूंगा। मैं अक्कउ से दिलवा दूंगा। आप अमित शाह को पैसा वापस दे दीजिए। उन्होंने कहा-10 करोड़ लिया है तो 10 करोड़, 15 करोड़ लिया तो 15 करोड़ उसे वापस दीजिए। उसका पैसा मत रखो। उसका पैसा रखोगे तो हमेशा आप पर दबाव बनाकर रखेगा। गृहमंत्री भी है, धमकाएगा, डराएगा जैसे वो गुजरात में करता है। महाराष्ट्र में डरा धमकाकर शिवसेना के दो टुकड़े कर दिए। अमित शाह बहुत खतरनाक खेल खेलते हैं।

## विधायकों ने गलती कर दी कोई बात नहीं, भूलो और माफ करो

गहलोत ने कहा- मैंने विधायकों से कहा है, तुमने गलती कर दी कोई बात नहीं। भूलो और माफ करो। उसका पैसा वापस दो ताकि आप इंडिपेंडेंट होकर काम कर सको। मैं पूरा साथ दूंगा। तुमने गलती कर दी कोई बात नहीं। मुझे तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाया है। मेरी ड्यूटी बनती है कि मैं पुरानी बातें भूल कर सबको साथ लेकर चलूं। किसी के भी काम में मैंने कोई कमी नहीं रखी। मैं सबको साथ लेकर चला। आप सबको साथ लेकर चलो और पार्टी को जिता कर लाओ। मैंने कहा है बचपन से मेरा संकल्प है मैं अंतिम सांस तक प्रदेशवासियों की सेवा करना चाहता हूं।




## तीन विधायकों ने गद्दारी की सूचना दी

गहलोत ने कहा- विधायक रोहित बोहरा कितना खरा आदमी है। टाइम पर मुझे सूचना नहीं देता कि गद्दारी हो रही है, मैं अगर विश्वास में रह जाता तो हमारी सरकारी चली जाती है। कल्पना कीजिए आप, सरकार होने का और नहीं होने का कितना फर्क होता है। सरकार बची हुई है। मैं आपकी सेवा कर रहा हूं। बजट पेश कर रहा हूं। शानदार योजनाएं ला रहा हूं।

## रोहित बोहरा, चेतन डूडी, दानिश मेरा साथ नहीं देते तो मैं आज सीएम नहीं होता

गहलोत ने कहा- हमारे तीन विधायक रोहित बोहरा (राजाखेड़ा विधायक), डीडवाना विधायक चेतन डूडी और सवाई माधोपुर विधायक दानिश अबरार टाइम पर मेरा साथ नहीं देते तो आज मैं आपके सामने मुख्यमंत्री के रूप में खड़ा नहीं मिलता। बीजेपी ने कर्नाटक, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में सरकार गिरा दी। बीजेपी विधायकों की खरीद-फरोख्त करके सरकार गिरा रही है। 10 करोड़, 20 करोड़, 25 करोड़ मिलेंगे तो अच्छे-अच्छे टछअ बिक जाते हैं। किस प्रकार 3 सरकारें चली गईं। बीजेपी ने लोकतंत्र की हत्या कर दी। सत्ता में बैठे हुए ये खतरनाक लोग हैं। इनका लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं है। केवल लोकतंत्र का मुखौटा पहने हुए हैं। सीएम गहलोत ने कहा- हमारी सरकार को गिराने के लिए पूरा षड्यंत्र किया गया। करोड़ों रुपए खर्च किया गया। बोहरा, डूडी और दानिश के अलावा दो और विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा और गिर्राज सिंह मलिंगा भी हमारे साथ थे, तब 102 विधायक इकट्ठे हुए। मुझे यह कहना पड़ा मैं आप सबका आभारी रहूंगा। आप चिंता मत करो। हम सब लोग मिलकर वापस सरकार लाएंगे। आपको जिताएंगे। अब जीतना हर एमएलए को है। मुझसे जो मांगा वह दिया है। बजट के माध्यम से जो मुझ से मांगा मैंने दिया। मैंने कहा था- तुम मांगते-मांगते थक जाओगे, मैं देते-देते नहीं थकूंगा।

## मैंने भेदभाव नहीं किया, छोड़कर जाने वालों को भी माफ किया

गहलोत ने कहा- मैंने वादा निभाया है। मैंने भेदभाव नहीं किया। भूलो और माफ करो की बात कही। जो हमें छोड़ कर चले गए थे, उनको भी मैंने कहा कोई बात नहीं, पुरानी बातें भूलो और सब मिलकर चलो। मैंने सब बातें भूलने की कोशिश की। गिर्राज सिंह मलिंगा और खिलाड़ी लाल बैरवा भी हमारे साथ थे। बाद में हो सकता है कोई कारण से वो नाराज हो गए होंगे। राजनीति में नाराज़गी चलती रहती है। अभी हम 122 विधायक हैं, निर्दलीय और बसपा से आने वाले साथी हैं। मेरी भावना रहेगी कि सब जीतकर आएं।

# वर्ल्ड लाफ्टर डे : डॉ. कुमावत ने दूध तलाई पर एक हजार लाफ्टर योगा के साथ बनाया विश्व रिकॉर्ड

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**



लेकसिटी के शिक्षाविद और समाजसेवी डॉ. प्रदीप कुमावत ने वर्ल्ड लाफ्टर डे पर दूधतलाई पर एक हजार लाफ्टर योगा का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। हास्य योग गुरू डॉ. कुमावत ने योग में हास्य की एक हजार नई विधाओं का पहली बार प्रदर्शन करके विश्व रिकॉर्ड बनाया, जिसके साक्षी शहर के प्रबुद्धजन बने। उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वर्ल्ड लाफ्टर डे डॉ. प्रदीप कुमावत के नेतृत्व में तीस संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से संचालित लाफ्टर योगा में शहरवासियों के साथ देशी विदेशी सैलानियों ने खासा आनंद लिया। इस अवसर पर डॉ. कुमावत ने करीब 70 हास्य योग के माध्यम से लोगों को केवल गुदगुदाया ही नहीं वरन्‌ उनके संग योग से जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि 15 मिनिट का हास्य योग 1 घंटे के योग के बराबर ऑक्सीजन शरीर को देता है जिससे रक्त संचार बढ़ता है और ब्लेड प्रेषर नार्मल होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में तनाव मुक्ति के लिये हास्य योग सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। बता दें, रविवार सुबह लाफ्टर डे पर डॉ. प्रदीप कुमावत द्वारा लिखित एक हजार लाफ्टर योगा पुस्तक का विमोचन भी हुआ। इस खास मौके पर महिलाओं के लिए स्माईल ऑफ द डे, युवाओं के लिए लॉफ्टर ब्लास्ट ऑफ द डे, सीनियर सिटीजन के लिए स्प्रिंकल लॉफ्टर, बच्चों के लिए किलकारी लॉफ्टर, पुरुषों के लिए धमाका लॉफ्टर और छोटे बच्चों के लिए क्रिएटिव लॉफ्टर अवार्ड प्रदान भी किये गये। लाफ्टर डे पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्व विद्यालय कुलपति प्रो.एस.एस.सारंगदेवोत, रोटरी क्लब सचिव अजय अग्रवाल, कमलेंद्र सिंह पवार, मनीष तिवारी, प्रशांत व्यास, पंकज जैन, दिनेश मकवाना, गोपेश शर्मा, मनोज कुमावत, अर्जुन कुमावत, जितेश कुमावत, निश्चय कुमावत, प्रतीक कुमावत, शशांक टांक, ध्रुव कुमावत, शोभालाल औदिच्य, हेमंत मेहता, जगदीश अरोड़ा, मनोज आँचलिया, संजीव भारद्वाज सहित शहर के कई गणमान्य उपस्थित थे।

**रिपोर्ट : दिनेश शर्मा,**
**मोबाइल : 9828540157**




सन्मति ग्रुप के सम्मानित सदस्य
श्री लोकेंद्र-श्रीमती राजा देवी पाटनी
को वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




राकेश-सरोज सेठी
को विवाह वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं

(चंचल देवी) ( नवीन, विनीता ) ( कमल, मधु ) (मनीष, नीरज) ( मीनाक्षी )
( राहुल , मोनिका ) (रोहित, कीर्ति) वैभव, अर्चित, विविधा, नेहल, आदित्य,
कीर्तिका, हार्दिक, गहना, इशिता, दविश,मानवी, अनिका, दक्ष, दीक्षा
एवं समस्त बड़जात्या परिवार नसीराबाद

# नगर में उचित स्थान पर कीर्ति स्तंभ बनाया जायेगा :विधायक जज्जी



## नव निर्वाचित पंचायत सदस्यों विधायक ने किया बहुमान

**अशोक नगर. कासं।** जैन समाज की बहुत समय से मांग रही है कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दीक्षा के पचास साल पूरे होने पर कीर्ति स्तंभ की स्थापना की जाये। मैं बहुत दिनों से विचार कर रहा हूं कि उचित स्थान देखकर कीर्ति स्तंभ बनाया जायेगा ।जैन समाज के नव निर्वाचित पंचायत सदस्यों को में बधाई देता हूं और जो भी मेरे सामने कार्य लाये जायेगा उसे हम सब मिलकर पूरा करेंगे उक्त आशय केउद्गार विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने अपने निवास पर नव निर्वाचित श्री दिगम्बर पंचायत सदस्यों को स्वागत करते हुए कहीं। इसके पहले विधायक निवास पहुंचने पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति समस्त नव निर्वाचित सदस्यो का अशोकनगर के यशस्वी विधायक जजपाल सिंह 'जज्जी' द्वारा दिगंबर जैन पंचायत अशोकनगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश कांसल, थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू, उपाध्यक्ष राकेश अमरोद, महामंत्री विपिन सिंघाई, मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा सहित सभी निर्वाचित पंचायत सदस्यों का माला पहनाकर तिलक मिठाई खिलाकर सम्मान किया।

## हर कार्य को अनंजाम तक पहुंचाते हैं विधायक

इस दौरान मध्यप्रदेश महा सभा के संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि अशोक नगर व थूवोनजी तीर्थ का कोई भी कार्य हो विधायक जी पूरी तत्परता से उसे देखकर प्रथमिकता से पूरा कराते हैं हम सब बहुत समय से नगर में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दीक्षा के पचास वर्ष पूर्ण होने पर संयम स्वर्ण कीर्ति स्तंभ स्थापित करने का निवेदन लेकर आये है थूवोन महामंत्री विपिन सिंघाई ने कहा कि सम्पूर्ण निर्वाचन की प्रक्रिया बहुत सुंदर रही विधायक जी को इसकी जानकारी दी तो वे बहुत प्रसन्न हुए।

## आपकी सरपरस्ती हमें काम में सहयोग देगी-कांसल

नव निर्वाचित अध्यक्ष राकेश कांसल ने कहा कि विधायक जजपाल सिंह जज्जी भइया की सरपरस्ती हम सब को काम करने में सहायक रहेगा जज्जी भइया का मुझे प्रारंभ से ही स्नेह मिला आज जिस तरह से सभी सदस्यों को अपने निवास पर आमंत्रित कर सम्मानित किया उससे हम सभी अभिभूत हैं। राकेश अमरोद ने कहा कि आपका मार्गदर्शन हमे समबल देगा समय समय पर आपका हर तरह का सहयोग संभाविक है

## संयम स्वर्ण कीर्ति स्तंभ का काम होगा शुरू

विधायक जज्जी भइया ने कहा कि जिस तरह का जनादेश जनता ने दिया है उसके अनुरूप आप सब काम करना है मेरा हर कदम पर आपको सहयोग है हम सब मिलकर कीर्ति स्तंभ के स्थान को चिन्हित कर कार्य को प्रारंभ करायेंगे। इस दौरान विधायकजी ने सुनील अखाई, नितिन बज, आशीषअथाइ खेडा, संजीव भारिल्ल, उमेश सिघई ,शैलेन्द्र श्रागर, प्रदीप तारई, अरविंद पत्रकार, अशीष बजरंगी, नरेशएडवोकेट ,अजित वरोदिया, मनीष वरखेडा, राजेन्द्र अमन मेडिकल, मुकेश हार्डी, श्रेयांस घेला, प्रमोद मंगलदीप, संजय केटी, टिकंल जैन, निर्मल मिर्ची, नवीन सर, मनीष सिघई, शैलू विधायक, पवन करैया, महेश घमंडी, मुनेश विजयपुरा, विनोद मोदी, सौरव वाझल, सुलभ अखाई, मनोज जैन, अंकित सन्तूरा को माला पहनाकर सम्मानित किया।

# कमल लोचन को स्टार सेवा सम्मान




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** वृद्ध, बीमार, अपंग, लावारिस पक्षियों की निशुल्क चिकित्सा व उनकी भोजन व्यवस्था जैसे कार्यो के लिए राजस्थान जन मंच ट्रस्ट निशुल्क पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन को स्टार ग्रुप द्वारा स्टार सेवा सम्मान से नवाजा गया। लोचन को यह सम्मान प्रतापनगर स्थित स्टार हॉस्पीटल में आयोजित समारोह में हॉस्पीटल के निदेशक डॉ.राकेश केदावत ने प्रदान किया। डॉ. केदावत ने अतिथियों की उपस्थिति में साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर कमल लोचन स्टार सेवा सम्मान से सम्मानित किया। ज्ञात रहे कमल लोचन ने जयपुर पक्षी चिकित्सालय की स्थापना 28 वर्षों पूर्व की थी।आज तक इस चिकित्सालय के माध्यम से लाखों पक्षियों का इलाज किया गया है और उन्हें ठीक करने के बाद खुले आसमान में छोड़ा।यह पक्षी चिकित्सालय मुख्य रोड मालवीय नगर में स्थापित है ,कोई भी व्यक्ति घायल पक्षी को यहां लाकर निशुल्क इलाज और आश्रय की सेवा का लाभ ले सकता हैं। पक्षी चिकित्सालय का फोन नंबर 7230055800 है।



## वेद ज्ञान

### धर्म-अध्यात्म की व्याख्या

समस्त संसार में कई प्रकार के संघर्ष हो रहे हैं। इनके दैनिक घटनाक्रमों को मन-मस्तिष्क में भरकर रखना सांसारिक सामान्य ज्ञान व विद्वता के लिए आवश्यक हो सकता है, परंतु आध्यात्मिक और क्षणभंगुर जीवन की कसौटी पर यह समस्त ज्ञान व विद्वता वैचारिक अपशिष्ट के समान है। जब कोई व्यक्ति दुनिया में कई प्रकार की उथल-पुथल के उपरांत अशक्त, रोगी होकर मृत्यु के द्वार पर खड़ा होता है, तो उसके लिए असांसारिक और पारलौकिक जिज्ञासाएं ही रुचि का विषय होती हैं। तब वह भौतिक दुनिया को एक सम्मोहक स्वप्न से अधिक नहीं समझता। धर्म-अध्यात्म की वास्तविक व्याख्या यही है। सनातन धर्म इसी अकाट्य तथ्य पर आरूढ़ होकर क्षणभंगुर जीवन की मौलिक और रचनात्मक व्याख्या करता है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से पूर्ण व्यक्ति इसी सिद्धांत को महत्वपूर्ण समझता है। ऐसे व्यक्ति को अपना जीवन मूल्यवान होने के साथ-साथ मूल्यहीन भी लगता है। किसी मानव का जीवन मूल्यवान तब बनता है, जब वह अपने आत्मिक उद्देश्यों को किसी संकोच के बगैर पूरा करता जाता है। इसी प्रकार जीवन मूल्यहीनता से तब ग्रसित होता है, जब न चाहते हुए भी आत्मिक उद्देश्यों के प्रतिकूल कार्यों में लिप्त रहना पड़ता है। आत्मिक उद्देश्य से तात्पर्य व्यक्ति द्वारा स्वयं को समाज, मानव कल्याण के उन सभी कार्यों के प्रति समर्पित कर देने से है, जो उसकी आत्मा उससे करने का आह्वान करती है। प्रायः यही होता है कि हम परोपकार के सैद्धांतिक आकर्षण तक ही सीमित रह जाते हैं। जबकि परोपकार का महत्व कर्म में ही समाहित है। धन, संसाधन, परिश्रम, शरीर के माध्यम से दूसरे मानव की सहायता करना ही परोपकार है। किसी की सहायता का माध्यम बन जाने के बाद निःसंदेह हम उस सहायता-कर्म का एक आध्यात्मिक विश्लेषण करें तो वह जीवन की एक व्यावहारिक आध्यात्मिक समीक्षा होगी। हम सभी का यही सोचना होता है कि जीवन में भावनाओं के स्तर पर रिक्तता का बोझ न हो। चाहे अमीर आदमी हो या गरीब दोनों स्तर पर वह किसी न किसी बात से असंतुष्ट व दुखी रहता है। इस पीड़ा से बचने का एक ही उपाय है और वह है आत्मिक उद्देश्य के प्रति समर्पित होना।

## संपादकीय

# जातीय संघर्ष की हिंसा में जल रहा पूर्वोत्तर

मणिपुर में फैली व्यापक हिंसा के मद्देनजर अब इस उपद्रव में शामिल लोगों को देखते ही गोली मारने का आदेश दे दिया गया है। वहां भारी संख्या में सेना, असम राइफल्स और स्थानीय पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहां की स्थिति का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नौ हजार से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। मणिपुर सरकार का कहना है कि लोग गलतफहमी के चलते हिंसा पर उतारू हो गए हैं। मगर सवाल है कि यह गलतफहमी पैदा कैसे हुई, क्या सरकार ने उसे दूर करने का कोई प्रयास किया। अगर सरकार ने सचमुच गंभीरता से इस मसले को सुलझाने का प्रयास किया होता, तो शायद यह नौबत ही न आने पाती। दरअसल, मणिपुर उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक आदेश दिया, जिसमें कहा गया है कि सरकार मैतेई समुदाय के लोगों को आदिवासी समुदाय का दर्जा देने पर विचार करे। इसी को लेकर दूसरे आदिवासी समुदाय के लोगों ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि यह मामला



नया नहीं है, मैतेई समुदाय लंबे समय से अपने को आदिवासी समुदाय में शामिल करने की मांग कर रहा है। इसी संबंध में अदालत का दरवाजा खटखटाया गया था। मगर इस हिंसक प्रदर्शन की असली वजह अदालत का फैसला नहीं, बल्कि सरकार का रवैया है। इस साल फरवरी में जब सरकार ने पहाड़ी इलाकों से अवैध प्रवासियों को निकालना शुरू किया था, तभी पहली बार हिंसा भड़की थी। वहां की नगा और कुकी समुदाय की तैंतीस जातियों को जनजाति का दर्जा मिला हुआ है और उनके लिए चिह्नित भूभाग पर किसी गैर-जनजातीय समुदाय के व्यक्ति का कब्जा नहीं हो सकता। मगर जिन लोगों को प्रवासी बता कर बाहर निकाला गया, कुकी समुदाय उन्हें अपने लोग बता रहा था। दरअसल, विवाद की असल वजह यही है कि अगर अदालत के कहने पर सरकार ने मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दे दिया, तो वे नगा और कुकी के लिए आरक्षित भूखंडों पर भी कब्जा जमाना शुरू कर देंगे। मैतेई समुदाय वहां आर्थिक और राजनीतिक रूप से काफी ताकतवर है। उनके हिस्से में भूखंड बेशक कम हो, पर संख्या बल में वे जनजातीय समुदायों से काफी अधिक हैं और प्रदेश की राजनीति में साठ में से चालीस विधानसभा सीटों पर काबिज हैं। ऐसे में जनजातीय समुदायों को भय है कि मैतेई समुदाय उनका हक छीन लेगा। मैतेई समुदाय का कहना है कि मणिपुर के भारत में विलय से पहले उसे जनजातीय समुदाय का दर्जा मिला हुआ था, इसलिए उसकी पुरानी पहचान लौटा दी जाए। इसी पर विचार के लिए अदालत ने कहा है। ऐसा नहीं कि मणिपुर सरकार जनजातीय और गैर-जनजातीय समुदायों के बीच लंबे समय से चल रहे इस संघर्ष से अनजान है। जब फरवरी में उसने प्रवासियों को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया, तभी उसे इन दोनों के बीच सामंजस्य बिठाने का प्रयास करना चाहिए था। पूर्वोत्तर में जातीय संघर्ष जब-तब हिंसक रुख अख्तियार कर लेता है और उसके चलते वहां का सारा जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। नाहक लोग मारे जाते हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अभद्रता की हद

दिल्ली के एक नर्सिंग कालेज में दो छात्राओं के साथ जिस अवांछित व्यवहार की शिकायत सामने आई है, वह बेहद आपत्तिजनक है। इससे पता चलता है कि किसी संस्थान में जिम्मेदारी वाले पद पर होने के बावजूद कोई व्यक्ति कैसे अपनी मर्यादाओं को भूल जाता है और इस क्रम में वह किसी महिला के सम्मान को गहरी चोट पहुंचाता है। निश्चित रूप से यह न केवल स्त्री की गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि ऐसे व्यक्ति के उस सामंती ढांचे को भी दर्शाता है, जो पद की अकड़ में किसी के खिलाफ बेलगाम बर्ताव कर बैठता है। खबर के मुताबिक, नर्सिंग कालेज की छात्राएं अपने छात्रावास की वार्डन के साथ एक कार्यक्रम में गई थीं, जिसमें कथित रूप से वार्डन के थैले से आठ हजार रुपए की चोरी हो गई। इसके बाद वार्डन ने बिना किसी आधार के दो छात्राओं पर चोरी का आरोप लगा दिया। इससे ज्यादा आपत्तिजनक बर्ताव यह किया गया कि छात्राओं के कई बार इनकार करने के बावजूद वार्डन ने दोनों के कपड़े उतरवा कर तलाशी ली। हालांकि दोनों के पास से कोई पैसा नहीं मिला। सवाल है कि पैसा चोरी होने के बाद अगर वार्डन को कोई शक था भी, तो उसे खुद कानून हाथ में लेने का क्या अधिकार था? फिर, जैसा बर्ताव छात्राओं के साथ किया गया, क्या वह किसी भी रूप में शक को दूर करने की कोशिश लगती है? सच यह है कि हड़बड़ी या फिर पद के नाहक अहं में आकर लड़कियों के कपड़े उतरवाए गए और इस तरह उन्हें अपमानित किया गया। यह अपने आप में न सिर्फ नाहक आपा खोकर की गई अमानवीय हरकत है, बल्कि यह कानूनन अपराध के दायरे में भी आता है। अगर चोरी हुई भी, तो इसकी शिकायत पुलिस के पास की जा सकती थी। मगर वार्डन ने जो बर्ताव किया, वह कानून को ताक पर रखना था। इसलिए स्वाभाविक ही अब पीड़ित छात्राएं और उनके अभिभावकों की शिकायत के बाद इस मसले पर वार्डन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और अब उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। हैरानी की बात है कि समाज के जिस तबके के बारे में शिक्षित होने और किसी संस्थान को सभ्य नियमावली से संचालित होने की उम्मीद की जाती है, अक्सर उसी की ओर से ऐसी हरकतें सामने आती हैं, जिसमें आज भी सामंती मूल्य बने हुए हैं और उसे कानून की परवाह नहीं है। दिल्ली की यह घटना इस तरह का कोई अकेला उदाहरण नहीं है। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिसमें कहीं चोरी के आरोप में तो कभी परीक्षा में नकल रोकने के नाम पर कपड़े उतरवा कर लड़कियों की तलाशी ली जाती है। ऐसी हरकतें करने वाले लोगों या संस्थानों को क्या इस बात का अंदाजा भी होता है कि ऐसे व्यवहार की शिकार लड़कियों के मन-मस्तिष्क पर क्या असर पड़ता है? करीब सात महीने पहले झारखंड के जमशेदपुर से एक खबर आई थी, जिसमें नकल के शक में कपड़े उतरवा कर एक छात्रा की तलाशी लेने का आरोप था। इससे बेहद आहत और अपमानित महसूस करने के बाद छात्रा ने घर जाकर खुद को आग ली लगी थी। यह समझना मुश्किल है कि ऐसा करके किसी गड़बड़ी को रोकने की कोशिश की जाती है या एक नई गड़बड़ी को अंजाम दिया जाता है! अगर किसी संस्थान या व्यक्ति को चोरी या नकल का शक है तो क्या इससे निपटने का यही तरीका बचा है कि किसी लड़की को इस तरह अपमानित किया जाए?



# लगन और मेहनत से साकार होते हैं सपने: अजय जैन

## जयपुर के कलाकार अजय जैन की फिल्म 'अफवाह' हुई रिलीज

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर के युवा कलाकार अजय जैन का मानना है कि जीवन में यदि अपने सपनों को साकार करना है तो इसके लिए सच्ची लगन और मेहनत की जाए तो दुनिया की कोई ताकत उसे पूरा करने से रोक नहीं सकती। यह कहना है जयपुर के युवा कलाकार अजय जैन का, जिनकी फिल्म 'अफवाह' इस शुक्रवार को रिलीज हुई है। फिल्म का निर्देशन सुधीर मिश्रा ने किया है। अजय ने फिल्म में अपने रोल के बारे में बताया कि उन्होंने एक ढाबा मालिक का किरदार निभाया है। उनका कहना है कि इस फिल्म में अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी, शारिब हाशमी, भूमि पेडनेकर के साथ काम करने का अनुभव भी काफी अच्छा रहा। अजय ने बताया कि इस फिल्म के अलावा इस शुक्रवार को ही हॉट स्टार पर रिलीज होने वाली वेब सीरीज होमी हडजानिया निर्देशित 'सास बहू और फ्लेमिंगो' भी आ रही है, जिसमे जानेमाने कलाकार नसीरूद्दीन, डिम्पल कपाडिया, दीपक डोबरियाल जैसे कलाकारों के साथ अभिनय करने का मौका मिला है और



इन सभी से बहुत कुछ सीखने को मिला है। इस सीरीज में अजय ने नसीरूद्दीन शाह के पीए का किरदार निभाया है। अजय शीघ्र की आने वाली वेब सीरीज पाताल लोक सीजन-2 में भी जयदीप अहलावत के साथ और बाबा ब्लेकशिप में चंद्रचूड़ सिंह रॉय के साथ में दिखाई देंगे। गौरतलब है कि अजय जैन पिछले 23 वर्षों से जयपुर थिएटर में अभिनेता और निर्देशक के रूप में कार्य करते आ रहे हैं। वह ने केवल रंगमंच या फिल्म इंडस्ट्री में ही काम कर रहे हैं, वरण वो जयपुर जैन समाज के युवा कलाकारों के उत्थान के लिए भी अभिनय और कला के क्षेत्र में कार्यशील हैं।






# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार का स्नेह मिलन समारोह संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार का स्नेह मिलन समारोह भट्टारक जी की नसिया में संपन्न हुआ। ग्रुप अध्यक्ष,मोहनलाल गंगवाल ने अवगत कराया कि ग्रुप द्वारा वियतनाम की सफल यात्रा के सभी सदस्यों का स्नेह मिलन समारोह दिनाकः 07 मई को भट्टारक जी की नसिया में आयोजित किया गया। डॉ. रश्मि जैन, प्रो.सुशीला जैन एवं रानी पाटनी द्वारा यात्रा के संस्मरण सुनाये तथा सुंदर व व्यवस्थित आयोजन के लिये ग्रुप अध्यक्ष



मोहनलाल गंगवाल का आभार व्यक्त किया। ट्रेवलिंग प्रतिनिधि महेन्द्र पूरी गोस्वामी का सम्मान राष्ट्रीय वरिष्ठ परामर्शक महेंद्र कुमार पाटनी, रीजन कोषाध्यक्ष पारस जैन,पूर्व अध्यक्ष महावीर बाकलीवाल, कार्याध्यक्ष सुरेश जैन बांदीकुई, रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, ग्रुप सचिव गिरीश कुमार जैन, शाबाश इंडिया के सम्पादक राकेश गोदिका, ग्रुप सरक्षक, डॉ.सुनील कुमार जैन एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार बाकलीवाल द्वारा साफा, माला,दुप्पटा पहना कर एवं मोमेंटो दिया जाकर सम्मानित किया गया। ग्रुप अध्यक्ष, मोहनलाल गंगवाल द्वारा सभी सदस्यों का यात्रा में सहयोग के लिये आभार प्रकट किया गया।






# विश्व हास्य दिवस पर लगे ठहाके



## धाकड़ हंसोडो को किया सम्मानित

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** विश्व हास्य दिवस पर रविवार सुबह सैन्ट्रल पार्क भी हंसी और ठहाकों से गूंज उठा। सब अपने-अपने अंदाज में हंस रहे थे। उन्हें हंसता देख अन्य लोग भी हंसने लगे। देश के प्रथम हास्य क्लब ह्वहास्यमह्व की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में लोग स्वैच्छिक रूप से हंस रहे थे। हंसते-हंसते लोगों को हंसने का महत्व बता रहे थे। कार्यक्रम मे अनेक हंसोड़ और योगाचार्य उपस्थित रहे। 'हास्यम' के संस्थापक हास्य गुरू सीएम शारदा ने कहा कि हास्य का उद्देश्य शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए होना चाहिए,सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं हंसना चाहिए। शारदा ने कहा कि हास्य का व्यावसायीकरण नहीं होना चाहिए। उन्होने कहा कि हास्य का व्यापार आज दुनिया में हजारों करोड़ तक पहंच गया है। इस कारण हास्य अपने उद्देश्य के भटक गया है।

# अंबिकापुरी में होने वाले पंचकल्याणक के पात्रों का चयन हुआ




**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया।**

इंदौर। 60 फीट एयरपोर्ट रोड स्थित अम्बिकापुरी एक्सटेंशन में दिनांक 20 मई से 24 मई तक होने जा रहे श्री1008 चंद्रनाथ जिनालय के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों का चयन आज मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य मे परवार समाज मांगलिक भवन अंजनी नगर में ललितपुर से पधारे प्रतिष्ठा चार्य पं प्रदीप शास्त्री एवं पं नितिन झांझरी द्वारा बोलियों के माध्यम से किया गया। भगवान के माता पिता बनने का सौभाग्य बादल आरती जैन पाडलिया एवं सौधर्म इंद्र इंद्राणी बनने का सौभाग्य श्री महावीर सुषमा जैन छाबड़ा ने प्राप्त किया। महोत्सव के कुबेर सुनील शैलबाला गंगवाल, महायज्ञ नायक जम्मू कुमार सावला, यज्ञ नायक अमित गंगवाल, ईशान इंद्र विकास पूजा कासलीवाल, व सानत इंद्र चित्रेश टोंगिया होंगे। जिनालय में भगवान आदिनाथ की प्रतिमा संजय मृदुला कासलीवाल एवं भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा सनत, विजेता गोधा द्वारा विराजमान की जाएगी ।दीप प्रज्वलन हंसमुख जैन गांधी, टी के वेद, प्रदीप बड़जात्या, कमल रांवका ने किया एवं मुनि श्री के पाद प्रक्षालन अंजनी नगर जैन समाज ने किए। मुनि संघ को शास्त्र भेंट चंद्रनाथ महिला मंडल एवं अंजनी नगर महिला मंडल ने किए। इस अवसर पर सभी पात्रों ने मुनि श्री को श्रीफल अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।







### मीडियाकर्मियों ने पाई राहत

# जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से पत्रकारों के लिए अलग से आयोजित महंगाई राहत कैम्प




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

लेकसिटी में शनिवार को नगर निगम व जिला प्रशासन के सहयोग से मीडियाकर्मियों व उनके परिजनों के लिए महंगाई राहत कैम्प आयोजित हुआ। भण्डारी दर्शक मंडप के प्रथम तल पर संचालित इस कैम्प में बड़ी संख्या में मीडिया संस्थानों के कार्मिकों सहित उनके परिवारजनों ने लाभ उठाया। दरअसल, मीडिया में कार्यरत पत्रकारों सहित मशीनकर्मियों, कम्प्यूटरकर्मियों, डेस्क के साथियों का समय देर रात तक रहता है। साथ ही, हॉकर्स भी सुबह जल्द उठकर अखबार वितरण का कार्य करते हैं। ऐसे में उन्हें शिविरों में जल्दी पहुंचने में परेशानी अनुभव हो रही थी। इसी के मद्देनजर एडीएम सिटी प्रभा गौतम और नगर निगम आयुक्त ने जार की इस पहल के बाद प्रशासन की ओर से यह शिविर अलग से रखा। जिसका समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक नियत था। शिविर में पहुंचे विभिन्न मीडिया संस्थानों के कार्मिकों ने इसे प्रशासन व नगर निगम की अच्छी पहल बताते हुए आभार व्यक्त किया। शिविर में पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार सनत जोशी, सुधीर भटनागर, शांतिलाल सिरोया, प्रकाश शर्मा, डॉ. विवेक भटनागर, जार प्रदेशाध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश सचिव राजेश वर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशल मूंदड़ा, जार उदयपुर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा राजदीप, महासचिव दिनेश भट्ट, कोषाध्यक्ष गोपाल लोहार, दिनेश हाड़ा, नरेन्द्र कहार, बाबूलाल ओड़, मांगीलाल जैन, हेमंत काबरा, जुगल किशोर मेनारिया आदि ने इस पहल को मीडियाकर्मियों के लिए राहत वाली बताया। इससे पूर्व उदयपुर में मीडिया के लिए आयोजित महँगाई राहत कैम्प में प्रभारी एवम युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लाम्बा, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय संयोजक अरमान जैन, पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया और गोपाल शर्मा ने भी शिरकत की।

**रिपोर्ट/फोटो :**
**राकेश शर्मा 'राजदीप'**
**मोबाइल : 9829050939**

# पृथ्वीराज नगर में सोसाइटी पट्टो पर बिजली कनेक्शन जारी करने पर सहमति

## पृथ्वीराज नगर की सैकड़ो कॉलोनीवासियों ने कृषि मंत्री का आभार जताया, कृषि मंत्री ने पृथ्वीराज नगर की सभी समस्याओं को दूर करने एवं पुरजोर पैरवी करने का दिया आश्वासन



**जयपुर. कासं।** आज पृथ्वीराज नगर जन विकास समिति के तत्वावधान में सैकड़ो कॉलोनीवासियों ने सोसाइटी पट्टो पर बिजली कनेक्शन जारी करने के मामले में यूडीएच से सहमती दिलवाने पर कृषि मंत्री लाल चंद कटारिया का आभार जताया । इस मौके पर लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि मेरे क्षेत्र में मैंने बीसलपुर के पानी, सीवरेज, पट्टो में ब्याज, पेनाल्टी माफ करवाने के अतिरिक्त कई काम करवाये है व हाई टेंशन लाइन के नीचे केंद्र सरकार के नियम लागू कर पट्टे जारी करने के मामले में भी प्रयासरत हूं। भविष्य में भी आपकी समस्याओं के लिए पैरवी करता रहूंगा।




# दुर्गापुरा गौशाला में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत चारा वितरण

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप महानगर द्वारा आज दिनांक 7 मई 2023 को प्रातः 8.00 बजे, दुर्गापुरा गौशाला में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत चारा वितरण किया गया। अध्यक्ष संजय छाबड़ा ने बताया कि सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम ग्रुप द्वारा प्रतिमाह के प्रथम रविवार को किया जाता है। यह कार्यक्रम पिछले दो वर्ष से अनवरत जारी है रवि प्रकाश जैन, सयोजक ने बताया कि आज का कार्यक्रम श्री सक्षम सोनी की याद में पुखराज - गितीका जैन सोनी परिवार द्वारा किया गया। सचिव सुनील गंगवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सोनी परिवार के साथ साथ ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष सी एस जैन, रवि प्रकाश जैन, विरेंद्र- नीना जैन, दीपेश - अलका छाबड़ा, अध्यक्ष संजय छाबड़ा, उपाध्यक्ष सुशील कासलीवाल, सचिव सुनील गंगवाल, कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र पाटनी, विनीत -मोनिका जैन, पुखराज - गितीका जैन, श्रीमती अमिता जैन सहित ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com